रेल मंत्रालय

पिछले 10 दिन में, भारतीय रेल ने महाराष्ट्र से कुल 432 विशेष ट्रेन सेवाओं और दिल्ली क्षेत्र से 1,166 विशेष ट्रेन सेवाओं का परिचालन किया

वर्तमान में, भारतीय रेल प्रति दिन औसतन 1,512 विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन कर रही है

कुल 5,387 उप नगरीय ट्रेन सेवाएं और 981 यात्री ट्रेन सेवाएं भी परिचालन में हैं

प्रविष्टि तिथि: 21 APR 2021 6:22PM by PIB Delhi

यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल देश भर में विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन कर रही है। इन सेवाओं में मेल/ एक्सप्रेस ट्रेन, यात्री ट्रेन और उप नगरीय ट्रेनें शामिल हैं। अप्रैल-मई, 2021 के दौरान नियमित ट्रेनों के अलावा अतिरिक्त ट्रेनों का ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के रूप में संचालन किया जा रहा है।

20.04.2021 तक, भारतीय रेल प्रति दिन औसतन कुल 1,512 विशेष ट्रेन सेवाओं (मेल/ एक्सप्रेस और त्योहार स्पेशल) का संचालन कर रही है। इसके साथ ही कुल 5,387 उपनगरीय ट्रेन सेवाएं और 981 यात्री ट्रेन सेवाएं भी परिचालन में हैं।

21.04.021 तक, भारतीय रेल प्रति दिन उत्तरी रेलवे (दिल्ली क्षेत्र) से 53 विशेष ट्रेन सेवाओं, मध्य रेलवे से 41 विशेष ट्रेन सेवाओं और पश्चिमी रेलवे से 5 विशेष ट्रेन सेवाओं का देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए परिचालन कर रही है।

12.04.2021 से 21.04.2021 तक की अवधि में, भारतीय रेल ने मध्य और पश्चिमी रेलवे से 432 विशेष ट्रेन सेवाओं तथा उत्तरी रेलवे (दिल्ली क्षेत्र) से 1,166 विशेष ट्रेन सेवाओं का परिचालन किया।

भारतीय रेल मांग के आधार पर विभिन्न रूटों पर विशेष ट्रेनों का संचालन जारी रखेगी। भारतीय रेल यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि यात्री बिना किसी असुविधा के आराम से यात्रा कर सकें। भारतीय रेल किसी भी खास रूट पर अल्प सूचना पर ट्रेनों के परिचालन के लिए तैयार है।

कोविड के मद्देनजर, भारतीय रेल द्वारा कोविड दिशानिर्देशों व प्रोटोकॉल के संबंध में रेल यात्रियों और आम जनता के बीच जागरूकता के प्रसार के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।

*****

एमजी/एएम/एमपी

(रिलीज़ आईडी: 1713300) आगंतुक पटल : 8

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Tamil